क्वार जलविद्युत परियोजना

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने जम्मू-कश्मीर के **किश्तवाड़ ज़िले** में चिनाब नदी पर 540 मेगावाट की **क्वार जलविद्युत परियोजना** को मंज़ूरी दे दी है।

क्वार जलविद्युत परियोजना:

- यह सिंधु बेसिन का हिस्सा है और ज़िले में आने वाली कम-से-कम चार परियोजनाओं में से एक होगी, जिसमें 1,000 मेगावाट की **पाकल दुल जलविद्युत परियोजना** और 624 मेगावाट की **किरू जलविद्युत परियोजना** शामिल है। .
- भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1960 की [पुरानी सिंधु जल संधि (IWT)](#) के तहत दोनों देश सिंधु बेसिन में छह नदियों के जल को साझा करते हैं जो भारत से पाकिस्तान की ओर बहती हैं।
  - इनमें से तीन पूर्वी नदियों- सतलुज, ब्यास और रावी पर भारत का पूर्ण अधिकार है, जबकि पश्चिमी नदियों- चिनाब, झेलम और सिंधु पर पाकिस्तान का अधिकार है।
- **क्वार परियोजना** को चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड (CVPPL) द्वारा कार्यान्वित किया जाएगा, जो नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (NHPC) लिमिटेड और जम्मू-कश्मीर स्टेट पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (JKSPDC) के बीच एक संयुक्त उद्यम कंपनी है।
- इस परियोजना से 90% निर्भरता के साथ वर्ष में 1975.54 मिलियन यूनिट उत्पादन होने की उम्मीद है।
- परियोजना के निर्माण कार्य के परिणामस्वरूप लगभग 2,500 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोज़गार मिलेगा।

चिनाब नदी के संबंध में:

- **स्रोत:** यह हिमाचल प्रदेश राज्य के लाहुल और स्पीति ज़िले के ऊपरी हिमालय से निकलती है।
  - चिनाब नदी हिमाचल प्रदेश के लाहुल एवं स्पीति ज़िले के तांडी (कीलोंग से 8 किमी दक्षिण पश्चिम) में दो नदियों **चंद्र** एवं **भागा** के संगम से बनती है।
    - भागा नदी सूर्य ताल झील से निकलती है, जो हिमाचल प्रदेश में बारा-लाचा ला दर्रे से कुछ किलोमीटर पश्चिम में स्थित है।
    - चंद्र नदी उसी दर्रे (चंद्र ताल के पास) के पूर्व के ग्लेशियरों से निकलती है।
- **प्रवाह:** यह सिंधु नदी में मिलने से पहले जम्मू और कश्मीर के जम्मू क्षेत्र, पंजाब, पाकिस्तान के मैदानी भागों से होकर बहती है।
- **चिनाब पर कुछ महत्त्वपूर्ण परियोजनाएँ/बाँध:**
  - **रतले जल विद्युत परियोजना:**
  - सलाल बाँध- रियासी के पास पनबिजली परियोजना।
  - दुलहस्ती हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्लांट- किश्तवाड़ ज़िले में बिजली परियोजना।
  - पाकल दुल बाँध (निर्माणाधीन)- किश्तवाड़ ज़िले में चिनाब की एक सहायक नदी मरुसादर पर।

//

स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kwar-hydroelectric-project